Website: www.rssrashtriya.org E-mail: rss.rashtriya@gmail.com

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)

कार्यालय: 82, पटेल कॉलोनी, गवर्नमेन्ट प्रेस के पास, सरदार पटेल मार्ग, जयपुर-302001
संरक्षक: सर्वश्री राजनारायण शर्मा, उमराव लाल वर्मा, रामावतार शर्मा, प्रहलाद शर्मा
(Regd. & Recognised by Govt. & Affiliated to ABRSM, AIPTF, AISTF, E.I. & RRKM)

रमेश चन्द्र पुष्करणा	सम्पत सिंह	घनश्याम	महेन्द्र कुमार लखारा
अध्यक्ष	सभाध्यक्ष	संगठन मंत्री	महामंत्री
9460057712	9413344625	9460613672	9460209114

क्रमांक: रा.शि.संघ (राष्ट्रीय)/महामंत्री/0216 दिनांक- 03/05/2025

श्रीमान शासन सचिव (शिक्षा),
राजस्थान सरकार ,जयपुर।

श्रीमान निदेशक महोदय,
माध्यमिक शिक्षा , राजस्थान।

विषय:- महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नव प्रवेश प्रक्रिया हेतु जून माह में शिक्षकों को विद्यालय नही बुलाये जाने के क्रम में।

महोदय,

अंग्रेजी माध्यम महात्मा गांधी विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया हेतु निर्देश बड़े विलंब से जारी किए गए । इस बार यह प्रक्रिया 16 से 19 जून तक प्रक्रिया पूरी करने की बात कही गई है।

गौरतलबहै कि इस बार बड़े लंबे समय बाद 17 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया है। ऐसे में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के संस्था प्रधान व प्रवेश प्रक्रिया में लगे शिक्षकों को जून माह में विद्यालय आना पड़ेगा, ऐसे में उनका ग्रीष्मावकाश बाधित होगा साथ ही अवकाश में कार्य करने के बदले उन्हें उपार्जित अवकाश का लाभ दिया जाना होगा जिससे अनावश्यक राजकोष पर भार पड़ेगा।

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) इस और भी ध्यान आकर्षित करना चाहता है कि जून माह में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का कोई औचित्य भी नहीं है अगर 16 मई तक प्रवेश फार्म ले लिए जाएं और उसके बाद जुलाई के प्रथम सप्ताह में लॉटरी निकालकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए तो इस परेशानी से बचा जा सकता है।

अतः आपसे आग्रह है इस प्रवेश प्रक्रिया को संशोधित करते हुए प्रवेश फॉर्म अभी वितरित कर दिए जाएं और लॉटरी व प्रवेश के कार्य जुलाई के प्रथम सप्ताह में किए जाएं तो उचित रहेगा इससे शिक्षक व प्रशासन दोनों को आसानी होगी ।

भवदीय

(महेंद्र कुमार लखारा)
महामंत्री